गौर, श्री बाबूलाल

भारतीय जनता पार्टी

निर्वाचन क्षेत्र- गोविन्दपुरा (154)

पिता का नाम-	स्व. श्री राम प्रसाद
जन्म तिथि-	02 जून,1929
जन्म स्थान-	ग्राम-नौगीर, जिला-प्रतापगढ़ (उ.प्र.)
वैवाहिक स्थिति-	विवाहित
पत्नी-	स्व. श्रीमती प्रेमदेवी गौर
संतान-	1 पुत्र, 2 पुत्रियाँ
शैक्षणिक योग्यता-	बी.ए., एल-एल.बी.
व्यवसाय-	वकालत
अभिरुचि-	ट्रेड यूनियन गतिविधियां
स्थायी पता-	बी-6, (74 बंगले) स्वामी दयानंद नगर, भोपाल (म.प्र.) ई-मेल-babulal.gaur@mpvidhansabha.nic.in
स्थानीय पता-	बी-6, (74 बंगले) स्वामी दयानंद नगर, भोपाल (म.प्र.) दूरभाष-(0755) 2761555, 2441578

सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-

गोवा मुक्ति आंदोलन हेतु सत्याग्रह में सम्मिलित. 1948 से श्रम संघ गतिविधियों में संलग्न. भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक सदस्य. 1946 से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक. 1951 से भारतीय जनसंघ में सक्रिय. दिल्ली में बेरूवाड़ी, बंगला देश, पंजाब आदि सत्याग्रहों में भागीदारी. टेक्सटाइल स्टाफ एसोसिएशन, हैवी इलेक्ट्रिकल्स लि., पुट्ठा मिल, एच.ई.जी. कर्मचारी संघ के अध्यक्ष एवं अन्य पदों पर कार्य. 27 जून, 1975 को आपातकाल के विरोध में भोपाल में सत्याग्रह किया और मीसा में गिरफ्तार. आपातकाल में 19 माह का कारावास. 1974 के उपचुनाव में पांचवीं, 1977 में छठी, 1980 में सातवीं, 1985 में आठवीं, 1990 में नौवीं, 1993 में दसवीं एवं 1998 में ग्यारहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. नौवीं विधान सभा के कार्यकाल में 7 मार्च, 1990 से दिसंबर 1992 तक मंत्री, स्थानीय शासन, विधि एवं विधायी कार्य, संसदीय कार्य, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास, जनसंपर्क एवं नगरीय कल्याण विभाग रहे. विधानसभा की लोक लेखा समिति के सभापति तथा सार्वजनिक उपक्रम समिति के अनेक बार सदस्य. 1974 में म.प्र. शासन द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के रूप में सम्मानित. दैनिक नई दुनिया, भोपाल द्वारा जनमत संग्रह के आधार पर सन् 1991 में "वर्ष श्री" की उपाधि. दसवीं विधान सभा अवधि में भा.ज.पा. विधायक दल के मुख्य सचेतक एवं लोक लेखा समिति के सभापति तथा सरकारी उपक्रम और विशेषाधिकार समिति के सदस्य रहे. म.प्र. विधान सभा की पत्रिका "विधायिनी" में लेखों का निरंतर प्रकाशन. 1989 में रूस, 1991 में श्रीलंका एवं 1998 में ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, जर्मनी, आस्ट्रिया, बेल्जियम एवं हॉलैण्ड की यात्रा. जून 2006 में जापान, सितंबर 2006 में चीन, दिसम्बर 2006 में सिंगापोर एवं मलेशिया की यात्रा. रोड शो में अमेरिका एवं ब्रिटेन की यात्रा. ग्यारहवीं विधान सभा अवधि में 4 सितम्बर, 2002 से 5 दिसम्बर, 2003 तक नेता प्रतिपक्ष, म.प्र. विधान सभा रहे. अगस्त, 2003 में विधान सभा सचिवालय द्वारा 'उत्कृष्ट सेवा सम्मान' से सम्मानित. सन् 2003 में बारहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित एवं मंत्री, नगरीय प्रशासन एवं विकास, आवास एवं पर्यावरण, विधि एवं विधायी कार्य, श्रम, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास तदनंतर 2 जून 2004 से मंत्री गृह, विधि, गैस राहत एवं 23 अगस्त, 2004 से 28 नवंबर, 2005 तक मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश रहे. 29 नवंबर, 2005 से मंत्री वाणिज्य, उद्योग और रोजगार, सार्वजनिक उपक्रम, वाणिज्यिक कर, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास रहे. सन् 2008 में तेरहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित एवं मंत्री, नगरीय प्रशासन एवं विकास, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास रहे.

सन् 2013 में दसवीं बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित एवं दिनांक 30 जून, 2016 तक मंत्री गृह एवं जेल विभाग रहे.